वर्ष- 02 अंक- 124
छपरा
23 मार्च, रविवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com | E-Paper | website : www.dainikkhojkhabar.live

## हरियाणा में महायज्ञ में आए ब्राह्मणों पर फायरिंग

### लखनऊ के ब्राह्मण को लगी गोली; गुस्साए ब्राह्मणों ने तोड़फोड़-पथराव किया, बासी खाने पर झगड़ा हुआ



**कुरुक्षेत्र,एजेंसी।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में महायज्ञ में आए ब्राह्मणों पर शनिवार सुबह साढ़े 9 बजे आयोजकों के सुरक्षा गार्डों ने फायरिंग कर दी। जिसमें लखनऊ से आए ब्राह्मण आशीष तिवारी को गोली लग गई। इससे ब्राह्मण भड़क गए। इसके बाद उनकी और आयोजकों के हायर निजी एजेंसी के सुरक्षा गार्डों के बीच मारपीट हुई। इसमें लखीमपुर के रहने वाले प्रिंस शुक्ला भी जख्मी हो गए। दूसरे करीब 20-21 ब्राह्मणों को भी चोटें लगी हैं। इसके बाद ब्राह्मण भड़क गए। वह यज्ञशाला से बाहर निकले और तोड़फोड़ व पथराव शुरू कर दिया। गुस्साए ब्राह्मणों ने महायज्ञ की यज्ञशाला का मुख्य द्वार तोड़ दिया। डंडे-पत्थरों से रोड पर लगे बैनर-होर्डिंग भी फाड़ दिए। फिर उन्होंने थीम पार्क के बाहर कुरुक्षेत्र-कैथल रोड पर जाम लगा दिया। वहां से गुजरने वाली गाड़ियों को जबरन रोकना शुरू कर दिया।

## पोंजी स्कीम: ईडी ने पीएसीएल के प्रमोटर निर्मल सिंह भंगु के दामाद को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालयन (ईडी) ने पोंजी स्कीम मामले में पर्ल्स एग्रीटेक कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसीएल) के दिवंगत प्रमोटर निर्मल सिंह भंगु के दामाद हरसतिंदर पाल सिंह को गिरफ्तार किया है। मामले में ईडी ने शनिवार को बताया कि यह गिरफ्तारी 48000 करोड़ रुपये की पोंजी स्कीम से जुड़ी मनी लॉन्डिंग जांच के तहत की गई है। बता दें कि इस स्कीम में लाखों निवेशकों से धोखा किया गया था।

**ईडी ने दी जानकारी :**ईडी के अनुसार हरसतिंदर हेयर पीएसीएल और उसके सहयोगी कंपनियों में निदेशक था, जिनमें दो ऑस्ट्रेलियाई कंपनियां भी शामिल थीं। इन कंपनियों के जरिए करीब 657.18 करोड़ रुपये की राशि को ऑस्ट्रेलिया में विभिन्न रियल एस्टेट संपत्तियों में निवेश किया गया। इसके अलावा, हेयर ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए पीएसीएल की संपत्तियों को बेचने का काम किया था।

### बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा पर संघ ने जताई चिंता

## कहा- प्रताड़ना की धार्मिक वजह भी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** बंगलूरू में चल रही संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में बांग्लादेश का मुद्दा उठा और वहां अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर चिंता जाहिर की गई। सह-सरकार्यवाह अरुण कुमार ने एक बयान में कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा की वजह राजनीतिक ही नहीं बल्कि धार्मिक भी है।

**बांग्लादेश हिंसा की वजह धार्मिक भी :**अरुण कुमार ने बयान में कहा कि हम बांग्लादेश के हिंदू वर्ग के साथ एकजुटता दिखाते हैं। हमने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए मानवाधिकारों के उल्लंघन पर चिंता जताई है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व जल दिवस पर किया पानी के संरक्षण का आह्वान



**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विश्व जल दिवस पर कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी का संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जल सभ्यताओं की जीवनरेखा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर जल संरक्षण का आह्वान करते हुए लिखा, विश्व जल दिवस पर हम जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। जल सभ्यताओं की जीवनरेखा रहा है और इसलिए भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित करना अधिक महत्वपूर्ण है।

**इस वर्ष विश्व जल दिवस की थीम- ग्लेशियर संरक्षण :** उल्लेखनीय है कि इस बार 2025के विश्व जल दिवस की थीम-ग्लेशियर संरक्षण है। यह स्थापित अवधारणा है कि ग्लेशियर (बर्फ के पहाड़) दुनिया भर में साफ पानी को बनाए रखने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इसलिए इनका संरक्षण जरूरी है। ग्लेशियर हमें पीने का पानी, खेती और नदियों के लिए पानी देते हैं। दुर्भाग्य से जलवायु परिवर्तन की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। अगर इन्हें बचाया नहीं गया तो आने वाले दिनों में पानी की बड़ी समस्या हो सकती है।

### रियो डी जनेरियो पृथ्वी सम्मेलन में हो चुकी हैं गूंज

विश्व जल दिवस मनाने का विचार 1992 में संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में आयोजित रियो डी जनेरियो पृथ्वी सम्मेलन में सामने आया था। सम्मेलन में जल संरक्षण के प्रति वैश्विक जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसी साल 22 दिसंबर को एक प्रस्ताव पारित किया। इसमें हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। अगले साल पहली बार विश्व जल दिवस मनाया गया था।

### धरती पर सिर्फ 2.5 फीसद साफ पानी

धरती का करीब 71 फीसदा हिस्सा पानी से ढका हुआ है। मगर इसका 97.5 प्रतिशत हिस्सा खारा पानी है। यह पानी समुद्रों में है। इसका पीने या रोजमर्रा के काम के लिए इस्तेमाल नहीं हो सकता। तथ्य यह है कि इनसान के उपयोग के लिए सिर्फ करीब 2.5 फीसदी साफ पानी ही बचता है। अफसोस यह है कि मानवजनित गलतियों (प्रदूषण, जल की बर्बादी और जलवायु परिवर्तन) के कारण यह लगातार घट रहा है।

परिसीमन पर चेन्नई में तमिलनाडु समेत 5 सीएम की बैठक

# स्टालिन बोले- हमारी पहचान खतरे में पड़ जाएगी, संसद में सीटें कम नहीं होनी चाहिए

**चेन्नई,एजेंसी।** राज्यों में लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर शनिवार को 5 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और डिप्टी ष्ट्रू की बैठक चेन्नई में हुई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने ये मीटिंग बुलाई, जिसमें 5 राज्यों के 14 नेता शामिल हुए। BJD प्रमुख नवीन पटनायक और TMC भी इसमें शामिल हुई।

तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने बैठक में कहा- परिसीमन के मुद्दे पर हमें एकजुट रहना होगा। वर्ना हमारी पहचान खतरे में पड़ जाएगी। संसद में हमारा प्रतिनिधित्व कम नहीं होना चाहिए। स्टालिन ने कहा कि हमें एक जॉइंट एक्शन कमेटी (JAC) बनानी चाहिए। यह लोगों में जागरूकता पैदा करे और केंद्र तक अपनी बात पहुंचाएगी।

स्टालिन ने कहा- हमें कानूनी पहलुओं पर विचार करने के लिए एक्सपर्ट्स पैनल बनाने की जरूरत है। हमें इस राजनीतिक लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए कानूनी पहलुओं पर भी विचार करना होगा। इसके लिए सबके सुझाव शामिल होने चाहिए। हम परिसीमन के खिलाफ नहीं हैं, हम निष्पक्ष परिसीमन के पक्ष में हैं।

केरल के ष्ट्रूपिनाराई विजयन ने मीटिंग में कहा- लोकसभा सीटों का परिसीमन तलवार की तरह लटक रहा है। भाजपा सरकार इस मामले पर बिना किसी परामर्श के आगे बढ़ रही है। दक्षिण के सीटों में कटौती और उत्तर में बढ़ोतरी भाजपा के लिए फायदेमंद होगी। उत्तर में उनका प्रभाव है।

**4 राज्यों के सीएम, कर्नाटक के डिप्टी सीएम शामिल हुए :** बैठक में तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन, केरल के सीएम पिनाराई विजयन, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के अलावा कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार, तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, ओडिशा कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास और बीजू जनता दल के नेता संजय कुमार दास बर्मा सहित कई नेता शामिल हुए।



### आंध्र के पूर्व सीएम की पीएम से अपील- सीटें कम न हों

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी। जगन ने पीएम से अपील करते हुए लिखा- परिसीमन प्रक्रिया को इस तरह से कों कि किसी भी राज्य को लोकसभा या राज्यसभा में प्रतिनिधित्व में कोई कमी न आए, खासकर सदन में कुल सीटों की संख्या के मामले में।

### तमिलनाडु भाजपा ने काले झंडे दिखाए

तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई और पार्टी के अन्य नेताओं ने परिसीमन को लेकर आयोजित बैठक का विरोध किया। इस दौरान उन्होंने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को काले झंडे दिखाए। अन्नामलाई ने कहा- डीएमके के सत्ता में आने के बाद पिछले 4 सालों में, राजनीतिक फायदे के लिए तमिलनाडु के हितों की लगातार बलि दी गई है। सीएम कभी भी केरल से बात करने और मुद्दों को हल करने के लिए नहीं गए, लेकिन आज उन्होंने केरल के सीएम को एक कृत्रिम मुद्दे पर बात करने के लिए आमंत्रित किया। हम तमिलनाडु के सीएम की निंदा करते हैं।

# कांग्रेस ने की पटियाला में कर्नल से पुलिस मारपीट की घटना की न्यायिक जांच की मांग

### कहा- पटियाला के एसएसपी नानक सिंह के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया जाए



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस ने पंजाब में सेना के कर्नल पुष्पेंद्र सिंह बाठ और उनके पुत्र के साथ मारपीट करने की घटना की न्यायिक जांच की मांग की है। इसके साथ ही पटियाला के एसएसपी नानक सिंह को वहां से हटाने और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पार्टी ने इस घटना के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार को दोषी ठहराया है।

एआईसीसी सचिव एवं पंजाब के सह प्रभारी आलोक शर्मा और एआईसीसी के भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के चेयरमैन कर्नल रोहित चौधरी ने आज यहां कांग्रेस मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में इस घटना के लिए पुलिस और पंजाब सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम को शर्मनाक करार देते हुए कहा कि यह सबकुछ उस सीमावर्ती राज्य पंजाब में हुआ, जहां सेना और पुलिस के बीच अत्यंत तालमेल होना चाहिए। पंजाब में 35 प्रतिशत जवान किसान परिवारों से आते हैं। जहां देश में जय जवान, जय किसान का नारा बुलंद किया जाता है, वहीं पंजाब की भगवंत मान सरकार अब मारो जवान को, मारो किसान को पर उतर आई है।उन्होंने कहा कि पटियाला में सेना के सेवारत कर्नल और उनके बेटे के साथ पंजाब पुलिस के कर्मियों द्वारा 13-14 मार्च की रात बर्बरता से मारपीट की गई। ये बहुत ही गंभीर मामला है। इस घटना में कर्नल का हाथ टूट गया, लेकिन 4 दिन तक एफआईआर नहीं की गई।

# अजित पवार बोले-मुस्लिमों को आंख दिखाने वाले को बख्शेंगे नहीं


### फडणवीस ने कहा- नुकसान की भरपाई दंगाइयों से होगी, हिंसा की जांच क्राइम ब्रांच करेगी




**मुंबई,एजेंसी।** नागपुर में 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा- जो भी मुस्लिम भाइयों को आंख दिखाएगा, दो समूहों के बीच संघर्ष भड़काकर कानून व्यवस्था को बाधित करेगा और कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करेगा। वह चाहे कोई भी हो, उसे किसी भी हालत में बख्शा या माफ नहीं किया जाएगा। पवार ने ये बयान पार्टी की ओर से मुंबई के इस्लाम जिमखाना में शुक्रवार को दी गई इफ्तार पार्टी के दौरान दिया। पवार ने ये भी कहा- रमजान हमें एकता और भाईचारे का संदेश देता है। छत्रपति शिवाजी महाराज, बाबा साहब अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले और शाहू जी महाराज ने जातियों को एकसाथ लाकर समाज के उत्थान का मार्ग दिखाया। हमें इस विरासत को आगे बढ़ाना है। इस बीच नागपुर हिंसा के मामले में शुक्रवार देर रात हामिद इंजीनियर को गिरफ्तार किया। हामिद माइनॉरिटीज डेमोक्रेटिक पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष है। रिपोर्ट्स के मुताबिक महाराष्ट्र सरकार ने हिंसा की जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी है।

अमित शाह की खालिस्तान समर्थकों को चेतावनी :

# बोले-पंजाब में कुछ लोग भिंडरांवाले बनने का प्रयास कर रहे; अब वह असम की जेल में हैं



**अमृतसर,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में देश में आतंकवाद के खिलाफ उठाए गए कदमों पर चर्चा करते हुए पंजाब में अलगाववादी तत्वों पर उठाए गए कड़ा रुख अपनाने का संकेत दिया। इस दौरान उन्होंने जरनैल सिंह भिंड़रांवाले का नाम लिया। वहीं सांसद अमृतपाल सिंह का नाम लिए बिना उस पर की गई कार्रवाई का जिक्र किया।

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा - कुछ लोग पंजाब में भिंडरांवाले बनने का प्रयास कर रहे थे। प्रयास भी किया, आगे भी बढ़े। सरकार हमारी नहीं थी, फिर भी इसी गृह मंत्रालय ने दृढ़ निश्चय कर अब वह असम की जेल में गुरु ग्रंथ साहिब पढ़ रहा है। इस मोदी सरकार के रहते राजनीतिक आइडियोलॉजी के कारण हम पनपने नहीं देंगे। उन्हें पहले ही समाप्त कर देंगे।

अमृतपाल सिंह और खालिस्तान समर्थक गतिविधियां

पिछले कुछ सालों से पंजाब में खालिस्तान समर्थक गतिविधियों में वृद्धि देखी गई। जिसमें अमृतपाल सिंह का नाम प्रमुखता से सामने आया। अमृतपाल सिंह ने खुलेआम खालिस्तान की मांग की है और गृह मंत्री अमित शाह को इंदिरा गांधी जैसा हश्र भुगतने की धमकी भी दी थी।

सरकार ने इन गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए सख्त कदम उठाए हैं, ताकि राज्य में शांति और स्थिरता बनी रहे।

### अमृतपाल के 7 साथियों से एनएसए हटा

पंजाब के खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह, साथी पप्पलप्रीत सिंह और वरिंदर विक्की को अभी भी डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं। जबकि अभी तक सिर्फ 7 साथियों का एनएसए हटाने का फैसला लिया जा चुका है और उन्हें अमृतसर शिफ्ट कर फरवरी 2023 में पुलिस थाना अजनाला पर हुए हमले की कार्रवाई को शुरू किया गया है।

# असम एनआईटी छात्रा का आरोप- प्रोफेसर ने जांघ छुई

### पेट पर हाथ फेरा, अश्लील गाने दिखाए, स्टूडेंट को चेंबर में बुलाया था; गिरफ्तार



**गुवाहाटी,एजेंसी।** असम के सिलचर में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (NIT) के एक असिस्टेंट प्रोफेसर को छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी टीचर की पहचान कोटेश्वर राजू धेनुकोंडा के रूप में हुई है। पीड़ित की शिकायत पर प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया गया है। पीड़ित छात्रा की शिकायत के मुताबिक, प्रोफेसर ने मुझे अपने पास बैठने के लिए कहा और मुझसे पूछा कि मुझे कम अंक क्यों मिले। उसने मेरे हाथ पकड़ना शुरू कर दिया और मेरी उंगलियों को छुआ। फिर उसने धीरे-धीरे मेरी जांघों को पकड़ लिया।

छात्रा ने बताया कि फिर उसने मेरे सामने अपने कंप्यूटर में अश्लील गाने बजाए। मेरे पेट को छुआ और रगड़ा। मैं रोने लगी, लेकिन वह नहीं रुका। उसने मुझे कहा कि पैरों को फैलाकर बैठो। इसके बाद उसने पीछे से मेरी गर्दन पकड़ी। पीड़ित स्टूडेंट ने कहा कि मैं अपने दोस्त के फोन करने पर भाग निकली, जो प्रोफेसर के चेंबर के बाहर इंतजार कर रहा था।

## सुप्रीम कोर्ट के जजों की टीम मणिपुर में विस्थापित लोगों से मिली, कानूनी सेवा शिविर का हुआ उद्घाटन

**इंफाल (मणिपुर) ,एजेंसी।** न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की एक टीम ने शनिवार को जातीय संघर्ष प्रभावित मणिपुर के चुराचांदपुर जिले का दौरा किया और आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से मुलाकात की। उन्होंने जिले के लामका स्थित मिनी सचिवालय से एक विधिक सेवा शिविर, एक चिकित्सा शिविर और एक विधिक सहायता क्लिनिक का भी वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। जजों की टीम ने सद्भावना मंडप राहत केंद्र का दौरा किया और आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों से बातचीत की। न्यायमूर्ति गवई के अलावा, टीम में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश विक्रम नाथ, एमएम सुंदरेश और केवी विश्वनाथन शामिल थे। टीम के साथ मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी कृष्णकुमार और न्यायमूर्ति गोलमेई गैफुलशिलू भी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ के साहित्यकार विनोद शुक्ल को ज्ञानपीठ

### प्रदेश से किसी साहित्यकार को पहली बार सम्मान मिलेगा, नौकर की कमीज पर बन चुकी है फिल्म



**रायपुर,एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायपुर के रहने वाले हिंदी के शीर्ष कवि-कथाकार विनोद कुमार शुक्ल को इस साल का ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया जाएगा। इसकी घोषणा आज (शनिवार) नई दिल्ली में ज्ञानपीठ चयन समिति ने की है। छत्तीसगढ़ से किसी साहित्यकार को पहली बार ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलेगा।

दरअसल, 1 जनवरी 1937 को राजनांदगांव में जन्मे विनोद कुमार शुक्ल पिछले 50 साल से लेखन कर रहे हैं। विनोद कुमार शुक्ल की पहली कविता संग्रह लगभग जय हिंद 1971 में प्रकाशित हुई थी। उनकी कहानी संग्रह पेड़ पर कमरा और महाविद्यालय भी बहुचर्चित है।

विनोद शुक्ल के उपन्यास नौकर की कमीज, खिलेगा तो देखेंगे, दीवार में एक खिड़की रहती थी हिंदी के श्रेष्ठ उपन्यासों में शुमार हैं। उनके उपन्यास नौकर की कमीज पर जाने-माने फिल्मकार मणिकौल ने एक फिल्म भी बनाई थी।

### अमेरिकन नाबोकॉव अवॉर्ड पाने वाले पहले एशियाई

विनोद कुमार शुक्ल कविता और उपन्यास लेखन के लिए गजानन माधव मुक्तिबोध फेलोशिप, रजा पुरस्कार, वीरसिंह देव पुरस्कार, सृजनभारती सम्मान, रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार, दयावती मोदी कवि शिखर सम्मान, भवानीप्रसाद मिश्र पुरस्कार, मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, पं. सुन्दरलाल शर्मा पुरस्कार जैसे कई पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। उन्हें उपन्यास 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' के लिए 1999 में 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार भी मिल चुका है। हाल के वर्षों में उन्हें मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर अवॉर्ड भी दिया गया है। पिछले ही साल उन्हें पेन अमेरिका ने अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के लिए नाबोकॉव अवॉर्ड से सम्मानित किया था। एशिया में इस सम्मान को पाने वाले वे पहले साहित्यकार हैं।

संसद में सरकार बोली- चीन का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं

# लद्दाख में उसने 2 नए कस्बे बना लिए, हमने डिप्लोमैटिक स्तर पर विरोध जताया



**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को संसद में बताया कि भारत को चीन के दो नए काउंटी (कस्बे) बनाने की जानकारी मिली है, जिसका कुछ हिस्सा लद्दाख में आता है। सरकार ने कहा कि इसका डिप्लोमेटिक तरीके से कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है।

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में कहा, भारतीय जमीन पर चीन के अवैध कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया गया है। नए काउंटी बनाने से न तो इस इलाके पर भारत की स्थिति पर कोई असर पड़ेगा और न ही इससे चीन के अवैध और जबरन कब्जे को कोई वैधता मिलेगी।

**चीन ने दिसंबर में दो नई काउंटी बनाने का ऐलान किया था :**चीन ने पिछले साल दिसंबर में होतान प्रांत में दो नई काउंटी हेआन और हेकांग बनाने का ऐलान किया था। तब भारत ने साफ-साफ कहा था इन काउंटियों में मौजूद कुछ इलाके भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का हिस्सा हैं और चीन का दावा पूरी तरह से अवैध है।

तब चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर एक डैम बनाने की भी घोषणा की थी। इस पर भी भारत ने आपत्ति जताई थी।

### मंत्री बोले- सीमा के करीब इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस

विदेश मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या 'सरकार को होतान प्रांत में चीन के दो काउंटी बनाने की जानकारी है, जिनमें लद्दाख से जुड़े भारतीय इलाके भी शामिल हैं? अगर हां तो सरकार ने इस मुद्दे का हल निकालने के लिए क्या रणनीतिक और कूटनीतिक उपाय किए हैं?' इसके जवाब में विदेश राज्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार को इसकी जानकारी है। सरकार यह जानती है कि चीन सीमा के नजदीक बुनियादी ढांचे का विकास कर रहा है।

# वित्तरहित कर्मियों ने राज्य सरकार का किया पुतला दहन

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** सारण जिला के वित्तरहित कर्मियों ने शनिवार को छपरा जिला मुख्यालय मे मंत्री विजय चौधरी के बयान के विरुद्ध विरोध मार्च किया और राज्य सरकार का पुतला दहन किया । बताते चले कि वित्तानुदानित संस्थानों और उसके कर्मियों के प्रति सरकार के नकारात्मक सोच और अनर्गल बयान देने के विरोध में जिला के वित्तरहित कर्मियों ने शहर के शिशुपार्क से नगरपालिका चौक तक विरोध मार्च निकाला, राज्य सरकार का पुतला जलाया तथा रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। कर्मियों ने सरकार विरोधी नारे लगाए। ए एन वी फोरम के आह्वान पर जिला के वित्तरहित कर्मियों ने राज्य सरकार की उदासीनता एवं उपेक्षापूर्ण सौतेला व्यवहार से तंग आकर सरकार के खिलाफ हल्ला बोल का आगाज किया है एवं राज्य सरकार से नियमित मासिक वेतन की मांग किया । फोरम के प्रांतीय अभियान संचालक प्रो.प्रेमशंकर के नेतृत्व में कर्मियों ने राज्य सरकार के खिलाफ विरोध मार्च किया एवं मंत्री विजय कुमार चौधरी का पुतला जलाया । वही फोरम के प्रांतीय संयोजक प्रो रौशन कुमार ने कहा कि राज्य सरकार समान प्रबंधकीय व्यवस्था से संचालित मदरसा, अल्पसंख्यक संस्थाओं के कर्मियों को वेतन सहित सभी सरकारी सुविधाएं प्रदान कर रही है, वही प्रदेश की उच्च शिक्षा मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तथा राज्य के सकल नामांकन अनुपात में 60% से अधिक योगदान देने वाले अनुदानित संस्थाओं और उसके कर्मियों के साथ उपेक्षापूर्ण सौतेला व्यवहार कर रही है । उन्होंने कहा कि सरकार वर्तमान बजट सत्र में वित्तरहित शिक्षक एवं कर्मियों के लिए नियमित मासिक वेतन की घोषणा शीघ्र करें अन्यथा पूरे प्रदेश मे सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा फोरम के माध्यमिक विंग के रंजीत कुमार ने कहा की अब समय आ गया है कि हम लोग करो या मरो के साथ आगे बढ़े और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदेश स्तर पर अभूतपूर्व हल्ला बोल आंदोलन का आगाज करें । उक्त अवसर पर प्रो विजय नारायण सिंह, प्रो अखिलेश्वर् सिंह, प्रो रूपेश कुमार, प्रो अशोक कुमार सिंह, राकेश कुमार, गौतम सिंह, प्रो अरविंद कुमार द्विवेदी, रजनीश महाराज, बालेश्वर प्रसाद, शैलेश कुमार, प्रो पवन कुमार, प्रो हिमांशु मिश्रा इत्यादि उपस्थित थे।




# सारण ग्रामीण एसपी ने नयागांव थाना पहुँच कर किया औचक निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड केनयागांव थाना में पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), सारण द्वारा नयागांव थाना का औचक निरीक्षण शनिवार किया। ग्रामीण एसपी के पहुंचते ही नयागांव थाना सहित अन्य थानों के पुलिस कर्मियों में हरकम्प मच गया। ग्रामीण एसपी शिखर चौधरी ने थाना निरीक्षण के दौरान थाना के सभी अनुसंधानकर्ता की समीक्षा की तथा आगामी पर्व रामनवमी, ईद पर्व से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कार्यालय में संधारित पंजियों की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया और लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। एसपी ने पुलिस प्रशासन की कार्यक्षमता बढ़ाने पर जोर दिया और अपराध नियंत्रण,विधि-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आम जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करने का सुझाव दिए। निरीक्षण में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बेहतर कार्यशैली अपनाने, पारदर्शिता बनाये रखने और जनता के प्रति संवेदनशीलता बरतने की सलाह दी। रामनौमी व ईद पर्व पर पिछले वर्षो में हुए समारोहों का अध्ययन कर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के भी निर्देश दिए तथा जनप्रतिनिधियों व आम जनता केबीच बैठक कर विधि-व्यवस्था संधारित व शांति समिति केबैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस गश्ती तेज करे । असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर संदिग्ध और अराजक तत्वों की पहले से पहचान कर कड़ी कार्रवाई करे। सभी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाए, इसके लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैदी के साथ ड्यूटी पर लगे रहे.पुलिस केकार्य प्रणाली में कोताही बरतने पर कानूनी करवाई की जायेगी। पुलिस के छवि खराब नहीं करे। पुलिस व पब्लिक के बीच मधुर संबंध स्थापित रहे तभी आपराधियों पर अंकुश लग सकता है।

# मशरक के क्रेन आपरेटर की नाइजीरिया में बॉयलर फटने से मौत, परिजनों में छाया मातम

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के बंगरा पंचायत के बंगरा चौहान टोला गांव के एक युवक की नाइजीरिया में बॉयलर फटने से मौत हो जाने की खबर गांव में मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। मृतक नाइजीरिया में क्रेन आपरेटर के रूप में कार्यरत था। मृतक की पहचान मशरक के बंगरा चौहान टोला गांव निवासी जयशंकर सिंह के 40 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार सिंह के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि मृतक एक साल पहले ही क्रेन आपरेटर के पद पर कार्य करने नाइजीरिया गया था वहीं पर काम में फैक्ट्री में बॉयलर फटने से चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर गांव में परिजनों में मातम छा गया है। मृतक की पत्नी चंचल देवी समेत दो छोटे बेटो समेत परिवार के सभी सदस्यों का रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि कंपनी शव भेजने में आनाकानी कर रहा था लेकिन महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल से शिकायत दर्ज कराने के बाद उनके द्वारा विदेश मंत्रालय के माध्यम से बताया गया कि शव कंपनी के द्वारा गांव भेजने की प्रकिया की जा रही है। परिजनों ने बताया कि वह परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था जिसकी कमाई से घर परिवार का भरण पोषण चलता है। परिवार की माली हालत भी ठीक नहीं है, पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चों का परवरिश कैसे होगा इसकी चिंता खाए जाई जा रही है।

# मशरक में रोजगार मेले में अभ्यार्थियों का हुआ चयन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के इंटर कालेज के प्रांगण में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत जीविका की ओर से ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। उद्घाटन प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह, प्राचार्य कुमार रवि रंजन और उच्च न्यायालय पटना के अधिवक्ता रितुराज सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। आगत अतिथियों का जीविका बीपीएम संजीव कुमार ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। मेले में विशेष रूप से साक्षर से उच्च कक्षा के युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष से लेकर 35 वर्ष तक निर्धारित किया गया था। उद्घाटन समारोह में शामिल अतिथियों ने बताया कि यह रोजगार मेला उन युवाओं के लिए लाभदायक साबित होगा जो रोजगार के लिए भटक रहे हैं।

# 11 अप्रैल को पटना में बिहार बदलाव रैली के तैयारी को लेकर जन सुराज की हुई बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** जन सुराज पार्टी कार्यालय सारण में पार्टी केजिलाध्यक्ष बच्चा प्रसाद राय के अध्यक्षता में पार्टी केप्रखंड, अनुमंडल सत्र केपदाधिकारियों केसाथ बैठक हुई। इस बैठक में पार्टी केप्रदेश किसान मजदूर के संयोजक सुभाष कुशवाहा ने उपस्थित लोगो को बताया कि अगामी 11 अप्रैल 2025 को पटना में बिहार बदलाव रैली कि तैयारी को लेकर भारी संख्या में लोगो को उपस्थित होने और पार्टी को मजबूती प्रदान करने केसाथ पार्टी केनीति, उद्देश्य, कार्यो को जन जन तक पहुंचने केसाथ बिहार में सत्ता परिवर्तन केसाथ व्यवस्था परिवर्तन करने केलेकर विचार विमर्श हुआ। जिसमे बिहार केबदहाल व्यवस्था को विकसित बिहार समृद्ध बिहार बनाने केलिए जन सुराज पार्टी को सत्ता में लाने जैसे अनेक मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। सारण जिला से लगभग पैंतीस हजार सदस्य कार्यकर्ता पदाधिकारिगण किसान मजदूर युवाओं छात्र महिलाओ की भागीदारी के लिए आठ सदस्य कोर कमिटी 25 सदस्य तैयारी समिति सहित अन्य सदस्य का गठन किया गया।जिसमे निर्णय लिया गया कि 24.32025 को सोनपुर अनुमंडल, 25 32025 को सदर अनुमंडल जिला कार्यालय,2632025 को मढ़ौरा अनुमंडल कार्यालय में प्रदेश नेता व जिलस्तर केपदाधिकारियों केसाथ अनुमंडल में बैठक होना सुनिचित किया गया है.जिसमे पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल स्तर केबैठक कर 11 अप्रैल 2025 को बिहार बदलाव रैली गांधी मैदान में चलने को लेकर चर्चा होंगी.इस रैली में भारी संख्या में लोगो को ले चलने जैसी मुद्दे पर बैठक होंगी।

# पहलेजा पुलिस ने तीन शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

## सोनपुर पुलिस ने मारपीट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोनपुर।** पहलेजा पुलिस ने शराब के पुराने मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त बात की जानकारी देते हुए पहलेजा अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने शनिवार को बताया कि 2022 में शराब के मामले में आरोपी जो शराब कारोबारी था.गुप्त सुचना केआधार पर छापामारी कर उसे गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है। जेल भेजे गए आरोपी थाना क्षेत्र केजिलेबी महतो पिता सिपाहि महतो, दूसरा बाबन महतो पिता राम ईश्वर महतो दोनों ग्राम रामसापुर तीसरा भोलि राय पिता गोरख राय घर छितरचक केनिवासी है। वही दूसरी ओर सोनपुर पुलिस ने मारपीट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि मारपीट के मामले में इस्माइल चक निवासी गौरव कुमार पिता अखिलेश सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।

# बिहार दिवस पर मशरक के सरकारी विद्यालयों में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के अलग-अलग पंचायतों के गांवों में अवस्थित सरकारी विद्यालयों में बिहार स्थापना दिवस को समारोह पूर्वक मनाया गया। बीआरसी भवन परिसर में अवस्थित बोर्ड मिडिल स्कूल में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी के निर्देश पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहरौली पाण्डेय टोला में ममता कुमारी, सीमा कुमारी, नन्दनी कुमारी, पवन पाण्डेय, प्राथमिक विद्यालय घोघिया उतर टोला में शालिनी कुमारी पवन पाण्डेय सहित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सियरभुक्का, उच्च विद्यालय मशरक, अवध उच्च विद्यालय चैनपुर, उच्च विद्यालय मशरक समेत विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित छात्र छात्राओं के बिहार स्थापना दिवस के मौके पर बिहार की विशेषता, धार्मिक व पौराणिक स्थल, संस्कृति, सभ्यता आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच भाषण, क्विज, निबंध, पेंटिग, रंगोली व सुगम संगीत आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित किए गए विभिन्न प्रतियोगिता में सफल रहने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

# बिहार दिवस के अवसर पर माहवारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** मासिक धर्म से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने एवं इस अवधि के दौरान स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारियों के प्रति जागरूकता के लिए शनिवार को प्रखण्ड के मध्य विद्यालय डुमरी में बिहार दिवस के अवसर पर शिक्षक सुधांशु कुमार द्वारा माहवारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। इस दौरान स्वास्थ्य के प्रति सही परामर्श एवं जागरूकता सत्रों का आयोजन किया गया। जिसमें किशोरियों को शारीरिक बदलावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर किशोरी, बालिकाओं और महिलाओं की एनीमिया की जांच कर आयरन फोलिक एसिड के सेवन के लाभ और सेनेटरी पैड के उपयोग और ब्लड निस्तारण के बारे में जानकारी दी गई। मध्यप्रदेश के शहडोल से आए ट्रेनर अभिमन्यु कुमार यादव ने बताया कि किशोरावस्था शुरू होते ही लड़के एवं लड़कियों में कई शारीरिक बदलाव



होते हैं, जो एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। लेकिन ज्यादातर किशोर- किशोरियों को शारीरिक बदलावों की जानकारी नहीं होती है। किशोरियों में होने वाले बदलावों में सबसे महत्वपूर्ण माहवारी की शुरुआत होना है।

सही जानकारी ना होने के कारण लड़कियां माहवारी शुरू होने पर शर्मिंदगी का अनुभव करती है। जिसका असर उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है और कई बार तो उन्हें संक्रमण का सामना भी करना पड़ता है। इससे कैसे बचना है और बचाव करना है इसके बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। वहीं प्राथमिक चिकित्सक सहयोग समिति के सचिव डॉ मनोज कुमार पंडित ने कहा कि मासिक धर्म को लेकर समाज में इसके प्रति फैली भ्रांतियों, गलतफहमियां एवं धार्मिक विश्वासों से जोड़कर उसे जटिल बना दिया गया है। इसीलिए मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर जागरूकता गतिविधियों एवं शिक्षा सत्रों के माध्यम से सकारात्मक माहौल स्थापित करने का यह एक प्रयास है। महिला प्रकोष्ठ के प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ संगीता सिन्हा ने कहा कि अधिकांश महिलाओं और युवतियों को 5 दिन मासिक धर्म होता है। पीरियड साइकिल का औसत अंतराल भी 28 दिन का होता है। माहवारी महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय है। मध्य विद्यालय डुमरी के प्रधानाध्यापक ठाकुर रंजीत सिंह व प्रधानाध्यापक अरुण कुमार चौबे ने सत्र के दौरान संयुक्त रूप से अपनी जानकारियां सांझा कि और कहा कि पीरियड्स के दौरान बच्चीयों को बेझिझक अपनी बातों को अपने माता-पिता से बतानी चाहिए और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करनी चाहिए। मौके पर पर्ल मुकेश कुमार, शिक्षक अजय कुमार यादव, सुधांशु कुमार, अमरेंद्र ठाकुर, ओम प्रकाश सिंह, संजय जी, पुष्पा जी, रविकांत कुमार, प्रमोद पासवान, समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# बिहार दिवस पर छात्र छात्राओं ने लगाए पौधे

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** प्रखंड के ताजपुर में स्थित बीकेबी हाईटेक स्कूल मे बिहार दिवस के मौके पर निदेशक रिंकू भारतीय के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के दर्जनों छात्र और छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के फूल और औषधीय पौधों जैसे तुलसी, ब्रायोफिलम, सदाबहार, गुड़हल आदि पौधों को लगाया गया। वहीं इस मौके पर निदेशक रिंकू भारतीय ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पौधे हमारे जीवन के आधार है। इनके बिना हम अन्य जीवन की कल्पना ही नहीं कर सकते है। ये हमें शुद्ध हवा के साथ साथ वर्षा के साथ छाया भी प्रदान करते है। वहीं प्रधानाध्यापिका स्वीटी कुमारी ने औषधीय पौधों के गुणों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पौधों से जड़ी बूटी, विभिन्न प्रकार की दवाएं, रंग, गोंद, फल फूल आदि सैकड़ों किस्म के उत्पाद प्राप्त होते है। उक्त मौके पर शिक्षिका नीतू कुमारी, पिंकी कुमारी, शिक्षक राहुल कुमार सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं मौजूद थी।

# 21 कुंडलीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए उमड़े श्रद्धालु

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के कोठेया स्थित विदेशी ब्रहम परिसर में आयोजित 21 कुंडलीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। श्रद्धालु भक्त भगवान श्री हरि की अभीष्ट कामना के लिए यज्ञमंडप की परिक्रमा कर रहे हैं। 19मार्च से 27 मार्च तक चलने वाले इस महायज्ञ में प्रतिदिन दिवा और निशा काल में देश के कोने-कोने से पहुंचे संत प्रवचन कर रहे हैं।यज्ञाधीश परमेश्वराचार्य महाराज जी ने बताया कि यह यज्ञ मानव कल्याण के लिए आयोजित है।समाज के भेदभाव को समाप्त करने के लिए है। जैसे महाकुंभ में सभी सनातनी एक साथ स्नान कर रहे थेउसी तरह से इस यज्ञ में भी सभी सनातनी बढ़-कर करके भाग ले रहे हैं। यज्ञ को सफल बनाने के लिए प्राचार्य अखिलेन्द्र सिंह, राजीव सिंह, सविंदर सिंह,वकील सिंह,राजू सिंह सहित दर्जनों युवा रात दिन एक किए हुए हैं.

# मशरक निवासी बनें जदयू तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के डुमरसन गांव निवासी मंतोष कुमार को सारण जिला जदयू तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष के पद से सुशोभित किया गया है। तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष चांदनी सिंह कुशवाहा ने उन्हें छपरा में एक कार्यक्रम में उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर पद पर सुशोभित किया गया। मौके पर पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि समाज एवं संगठन के प्रति आप के समर्पण एवं पार्टी हित में आपके द्वारा किए गए कार्यों व आपकी कार्य क्षमता को देखते हुए आपको सारण जिला जनता दल (यू0) तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ द्वारा जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी दी जाती है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि पूर्व की तरह ही आगे भी आप समाज व संगठन हित में कार्य करते रहेंगे।

# बिहार दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों ने लगाए प्रभातफेरी

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों द्वारा बिहार दिवस के अवसर पर क्षेत्र में प्रभातफेरी निकली गई। इस दौरान जगह-जगह कई तरह के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। वहीं इसी दौरान शाहनेवाजपुर गांव स्थित नेशनल एकेडमी स्कूल में बिहार दिवस के अवसर पर में स्कूली छात्रों द्वारा एक झांकी का प्रस्तुत की गई। जिसमें वर्ग पांच से वर्ग नौवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने तरैया बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी राम जानकी मंदिर परिसर में बिहार के गौरव गाथा का लोकनाट्य के माध्यम से सुन्दर प्रस्तुतिकरण की गई। जिसके बाद प्रभातफेरी कर बिहार दिवस के थीम उन्नत बिहार, विकसित बिहार के नारे पारंपरिक बिहारी वेशभूसा में लगाए गए तथा आम नागरिकों से जय बिहार के नारे भी लगाने का अनुरोध किया गया। प्रभातफेरी का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक पवन कुमार शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मौके पर प्राचार्य बलराम कुमार साह, शिक्षक गजेंद्र सिंह, मंजीत सिंह, अनूप सर, सोनू सर, सुधीर कुमार, सुनीता देवी, राजवर्धन राज, आयुष कुमार, रोहित कुमार, धर्मेन्द्र सहनी, जितेश, कविता मिस, लक्ष्मी मैम, सुष्मिता मिस, मोसरत मैम समेत दर्जनों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# एसपी ने मशरक इंस्पेक्टर कार्याल, मशरक एवं इसुआपुर थाना का किए वार्षिक निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सारण एसपी डॉ कुमार आशीष के द्वारा मशरक इंस्पेक्टर कार्यालय, मशरक और इसुआपुर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शिखर चौधरी,डीएसपी अमरनाथ, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थानाध्यक्ष मशरक रणधीर कुमार और इसुआपुर थानाध्यक्ष कमल राम उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सभी अभिलेखों एवं पंजीयों की जाँच कर अभिलेखों व पंजीयों के संधारण में मिली त्रुटियों के सुधार करने, लंबित कांडो का समीक्षा कर त्वरित निष्पादन करने, कार्यालय एवं थाना में साफ-सफाई रखने सहित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# गृह मंत्री के आगमन को लेकर भाजपा नेताओ की हुई नयागांव में बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** गोपालगंज मे आगामी 30 तारीख को देश के गृह मंत्री अमीत साह के आगमन पर उनका स्वागत और भारी संख्या में भीड़ जुटाने केलेकर शनिवार को मंडल भाजपा नेता दशरथ चौरसिया के आवास नयागांव केहसनपुर में पार्टी केपदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ केसाथ बैठक हुई।बैठक में उपस्थित बिहार प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम की तैयारी का रुप रेखा तैयार करने को अपना सुझाव विचार प्रकट किए।इस बैठक में दर्जनों पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सोनपुर थाना में पदस्थापित एएसआई चंदन कुमार को एसपी ने किया निलंबित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना के सहायक अवर निरीक्षक चंदन कुमार को सारण एसपी ने कर्तव्य हीनता के आरोप में निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई एक वायरल ऑडियो क्लिप के आधार पर की गई, जिसमें आरोप था कि चंदन कुमार द्वारा पैसा लेन-देन किया गया था। इस ऑडियो क्लिप की प्राप्ति के बाद पुलिस अधीक्षक ग्रामीण , शिखर चौधरी ने इसकी जांच कराई। जांच में ऑडियो क्लिप प्रथम दृष्टया सत्य पाया गया, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक डॉ.कुमार आशीष ने सहायक अवर निरीक्षक चंदन कुमार के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की।सारण पुलिस अधीक्षक, आशीष कुमार द्वारा जारी आदेश के तहत सहायक अवर निरीक्षक चंदन कुमार को संदिग्ध आचरण, अनुशासनहीनता और घोर लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। उक्त बात के जनकारी एसपी ने प्रेस जारी कर यह भी बताया कि चंदन कुमार को मुख्यालय, पुलिस केंद्र, सारण भेजा गया है, और उसके खिलाफ विभागीय जांच प्रारंभ कर दी गई है।


लोहिया जयंती पर विशेष

# लोहिया का समाजवाद में व्यक्ति और समुदाय, दोनों के जायज दावों का सम्मान हैं



नीरज कुमार।

दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा। 23 मार्च को डॉ. राममनोहर लोहिया का जन्मदिन होता है। हालांकि कहा जाता है वे अपना जन्मदिन मनाते नहीं थे। क्योंकि उसी दिन क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को ब्रिटिश हुकूमत ने फांसी पर चढ़ाया था. लिहाज़ा, भारत के ज्यादातर समाजवादी लोहिया जयंती को शहीदी दिवस के साथ जोड़ कर मनाते हैं। आजादी के बाद के भारतीय समाज और राजनीति में समाजवादी आंदोलन का प्रचार - प्रसार डॉ. लोहिया का एक ऐतिहासिक योगदान है। समाजवादी आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए उन्होंने स्थापित दलों को तोड़कर नई पार्टी बनाने का खतरा उठाया। उनकी राजनीति में सत्ता की इच्छाशक्ति थी लेकिन कुर्सी के लिए लालच नहीं था। समाज के हर व्यक्ति को शक्तिमान बनाना उनका स्वप्न था और इसके लिए वे मंत्री की कुर्सी पाना जरूरी नहीं मानते थे। उनके सहयोगी अशोक मेहता ने मंत्री का पद स्वीकार किया और समाजवादी आंदोलन से नाता तोड़ लिया तो लोहिया ने अशोक मेहता के इस कदम को कुर्सी की लालसा कहा। लोहिया ने समाज के वंचित विशाल बहुमत को नवजीवन और आत्मविश्वास दिलाने के लिए विशेष अवसर के सिद्धांत का प्रतिपादन किया। महिलाओं, दलितों, अनुसूचित जनजातियों और अल्पसंख्यकों की वंचित जमातों को वे साठ प्रतिशत हिस्सेदारी दिलाना चाहते थे। यह सिर्फ आर्थिक और सामाजिक तर्कों पर आधारित नहीं था। उनकी यह मान्यता थी कि स्वस्थ समाज में संपूर्ण क्षमता की बजाय अधिकतम क्षमता का होना बेहतर है। हमारे समाज में शूद्रों, महिलाओं, दलितों समेत सभी वंचित और उपेक्षित जमातों के



सशक्तिकरण से ही अधिकतम क्षमता वाला समाज बनेगा। स्त्री विमर्श में भी उनकी दृष्टि अनूठी थी। वे समूची स्त्री परंपरा में द्रौपदी को श्रेष्ठ मानते थे। लोहिया की दृष्टि में द्रौपदी तेजस्विता, विवेक और बहादुरी का श्रेष्ठ समन्वय थी। भारतीय स्त्री को भी द्रौपदी जैसा तेज और आत्मविश्वास से लैस हुए बिना नर - नारी समता का सपना पूरा नहीं होगा। लोहिया का समाजवाद भारत की विशेष स्थिति को समझने और उसके अनुसार मुद्दे निर्धारित करने की कोशिश करता है। उनके पहले और उनके बाद भी कोई ऐसा चिंतक या नेता दिखाई नहीं पड़ता जिसने जाति और भाषा के सवाल को निर्णायक महत्व दिया हो। आज भी जाति-प्रथा के उन्मूलन की कोई कार्यनीति दिखाई नहीं पड़ती, जबकि आरक्षण का ढोल और जोर से पीटा जाने लगा है, जो लोहिया के लिए अवसर की समानता के जरिए जाती को कमजोर करने और प्रगति में सबकी साझेदारी सुनिश्चित करने का एक माध्यम था। लोहिया की आरक्षण योजना स्त्रियों को विशेष मौका दिए बगैर पूरी नहीं होती थी। पर आज स्त्रियों के लिए आरक्षण को सभी राजनीतिक धाराओं द्वारा शक की निगाह से देखा जाता है। लोहिया का समाजवाद सिर्फ आर्थिक व्यवस्था तक सीमित नहीं है, न वह मानता है कि अर्थ ही मानव अस्तित्व की धूरी है। उनके अनुसार, यह मूलतः एक नैतिक व्यवस्था है, जिसकी अभिव्यक्ति जीवन के सभी पहलुओं में बराबर ताकत के साथ होनी चाहिए। यह अकारण नहीं है कि राजनीति और अर्थशास्त्र के साथ - साथ कला और साहित्य में भी लोहिया का आना-जाना बना रहता था। सत्य और सौंदर्य दोनों उन्हें आकर्षित करते थे। समाजवाद तब तक संतोषजनक जीवन - दर्शन नहीं बन सकता जब तक जीवन के सभी पक्षों तक उसका फैलाव न हो। लोहिया के समाजवाद में व्यक्ति और समुदाय, दोनों के जायज दावों का सम्मान है,। व्यक्ति न तो सिर्फ अपने लिए जीता है, न सिर्फ समाज के लिए। दोनों एक - दूसरे से शक्ति पाते हैं और एक - दूसरे को समृद्ध करते हैं। इसी तरह, लोहिया का आदमी न क्षण में जीता है न किसी सुदूर स्वर्ग के लिए वर्तमान को दांव पर लगाकर । वह अल्पकालीन और दीर्घकालीन के बीच पुल तैयार करने की कोशिश करता है। पूरकता और द्वंदात्मकता का यह दर्शन लोहिया के समाजवाद की खास अपनी शक्ल है, जिसकी सार्थकता आज कुछ ज्यादा ही है, क्योंकि हमारे समय पर और इसमें भारत का समय शामिल है, तरह - तरह की एकांगिताएं हावी होती जा रही है।

# बिहार दिवस पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम, बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

## नीली रोशनी से सजे सरकारी भवन

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नगर पंचायत एकमा बाजार व एकमा प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को बिहार दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार, अंचलाधिकारी राहुल शंकर, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी योगेंद्र बैठा, बीपीआरओ अंगेश कुमार यादव, एसडीपीओ एकमा-राजकुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी साजन कुमार, बीएचएम वाहिद अख्तर, पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार व रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार आदि के निर्देशन में विविध कार्यक्रम आयोजित हुए।इसी क्रम में एकमा प्रखंड व नगर क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों में बिहार दिवस उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया। एकमा बीआरसी पर बीईओ योगेंद्र बैठा व कन्या मध्य विद्यालय के एचएम अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में, उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एचएम मोहम्मद तौकीर अंसारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापिका अनीता पांडेय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोला डोमन राय के प्रधानाध्यापक कुमार रश्मि रंजन, कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय के संचालक उपेंद्र कुमार यादव आधार के नेतृत्व में

बिहार दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। इस दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।इसी तरह से लगभग सभी प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों के निर्देशन में बिहार दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी व प्रतियोगिताएं, पेंटिंग वं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। गौसपुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक कमल कुमार सिंह ने बताया कि बिहार दिवस पर जल जीवन हरियाली, दहेज प्रथा, मद्य-निषेध एवं सरकार द्वारा संचालित सात निश्चय आदि की जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उधर सरकारी निर्देशानुसार शनिवार की शाम में नगर पंचायत भवन, प्रखंड, अंचल, थाना, अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय, सीएचसी सहित लगभग सभी सरकारी स्कूल भवनों को नीली सजावटी बल्ब की रोशनी से सजाया गया।

# बिहार के गौरवशाली इतिहास को संरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारीः ई जयप्रकाश सिंह

## रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में धूमधाम से मना बिहार दिवस

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आमडाढ़ी, एकमा में शनिवार को बिहार दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कॉलेज के सचिव ई. जयप्रकाश सिंह ने अपने संबोधन में बिहार दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बिहार का इतिहास गौरवशाली रहा है और इसे संरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बिहार दिवस 2025 की इस बार की थीम ÷उन्नत बिहार, विकसित बिहार÷ के अनुसार हमलोग उस पथ पर गतिमान हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं की चर्चा की। वक्ताओं ने बिहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व सामाजिक धरोहरों की जानकारी देते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि वे बिहार की उन्नति में सक्रिय भूमिका निभाएं।इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। गीत-संगीत व नृत्य के माध्यम से बिहार की संस्कृति को जीवंत किया गया। प्राचार्य डॉ. सत्यप्रकाश दास ने बिहार के गौरवशाली अतीत व वर्तमान की झलक प्रस्तुत की। संगीत शिक्षक उमाशंकर सिंह ने बिहार गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ सत्य प्रकाश दास, ट्रस्टी राजीव कुमार शर्मा, ठाकुर सिंह, प्रो. विजय कुमार, प्रो. राजकुमार वर्मा, प्रो. राजकुमार राजभर, प्रो. सुनीता कुमारी, प्रो. कंचन भारती, अजीत कुमार, अनूप कुमार, नागेंद्र कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मानसी कुमारी व आर्या कुमारी प्रशिक्षुओं द्वारा किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो विजय कुमार के द्वारा किया गया।

# बिहार दिवस पर पुलिस ने स्कूली बच्चों को किया जागरूक



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** आप अपनी पुलिस को जानो कार्यक्रम में डीएसपी नरेश पासवान ने मुबारकपुर स्थित ट्राईडेंट पब्लिक स्कूल के बच्चों को बिहार दिवस पर जागरूक किया। इस दौरान एक छात्र ने सीधे सवाल कर पुलिस को सकते में ला दिया। छात्र ने पूछा कि पुलिस जब पैसे ले लेती है तो काम जल्दी हो जाता है और मामलों में पुलिस पैसे लेकर चुप हो जाती है। जबाब में डीएसपी नरेश पासवान ने बच्चों को पुलिस की कार्यशैली और बाध्यता को लेकर विस्तार से जानकारी दी। कहा कि पुलिस एक सिस्टम के तहत काम करती है और लोगों को लगता है कि पुलिस काम नहीं कर रही है, जबकि ऐसा नहींहोता है। इस दौरान डीएसपी नरेश पासवान ने छात्रों को बताया कि बिहार पुलिस एक विशेष अभियान के तहत यह कार्यक्रम कर रही है। इसका उद्देश्य पुलिस पब्लिक के बीच संपर्क को बेहतर बनाया जाना है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच छात्र बने डीएसपी ने खूद के छात्र जीवन को बच्चों के बीच सांझा किया। छात्रों से सपने देखने और अपने सपने के पूरा होने तक अडिग रहने को कहा। छात्रों को अनुशासन में रहने, अच्छी संगत, समय का सद्पयोग, समय सीमा में काम को पूरा करने, शिक्षकों से सवाल पूछने और हमेशा अपने सहपाठी की मदद करने के लिए आगे रहने की सलाह दी। इस दौरान थानाध्यक्ष मूकेश कुमार, प्रचार्य कर्मवीर सिंह, आरती सिंह, एसआई सविता कुमारी, एसआई सत्यम कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# एनआरआई ने दादा-दादी की मूर्ति का करवाया अनावरण



**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** आज जहां लोग अपने माता-पिता को भूल जा रहे हैं, उन्हें बुढ़ापे में समय पर खाना-पीना नहीं मिल पा रहा है, लोग अपने माता-पिता को वृद्ध आश्रम में छोड़ आते हैं। वही प्रखंड के टेढ़ा गांव के अभिषेक कुमार सिंह ने अपने दादा स्व. राम आशीर्वाद सिंह तथा दादी स्व. लालमुनि देवी के प्रतिमा का अनावरण करवाया। परिजनों ने बताया कि अमेरिका यूएसए में कार्यरत अभिषेक कुमार को रात्रि में स्वप्न आया की तुम्हारे दादा-दादी को रहने के लिए घर नहीं है, इसलिए तुम उनके लिए घर बनावावो. इसके बाद स्वप्न टूट जाता है और अभिषेक कुमार बेचैन हो जाता है. उसी समय अपने पिता अनिल कुमार सिंह तथा माता सुजाता सिंह से फोन द्वारा दादा-दादी का घर बनाकर उनके प्राण प्रतिष्ठा कराने का आग्रह करता है. जिसे उसके माता पिता सहर्ष स्वीकार करते हुए कुछ दिनों के अंदर अपने माता-पिता का मंदिर बनवाकर उसमें अपने माता-पिता का प्रतिमा लगवा देते हैं. बैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अपने माता-पिता का प्राण प्रतिष्ठा करवाते है.मौके पर प्रभावती देवी ,धनेश्वर सिंह, जयंती देवी, बृजेश सिंह, गजेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, अरुण सिंह सुनील सिंह पन्नालाल सिंह ,गणेश सिंह, निभा सिंह, सुनील सिंह , छोटे सिंह ,सविता सिंह, सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## मिर्जापुर दलित बस्ती में अग्नीशमन विभाग ने मॉक ड्रील कर किया जागरुक

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)** शनिवार को प्रखंड के मिर्जापुर दलित बस्ती में अग्नीशमन विभाग के द्वारा मौक ड्रील करके आग से बचाव हेतू लोगों को जागरुक किया और सुरक्षा के उपाय बताये गये। अग्नीशमालय पदाधिकारी राम अखिलेश सिंह के नेतृत्व में घरेलू आग ,खेत खलिहानों एवं अन्य तरह से लगने वाले आग के संबंध में विस्तार से बताया गया और गैस सिलिंडर आदि के आग पर काबू करने के संबंध में मौकड्रील करके जानकारी दी गयी। अग्निक भोला कुमार सिंह , विकाश कुमार ,सुमन दास ,नेहा कुमारी ,चालक अशोक कुमार के द्वारा मिर्जापुर दलित बस्ती में ग्रामीण महिला व पुरुषों के बीच सुरक्षा से संबंधित पर्ची वितरण किया गया और आग लगने पर इस्तेमाल किये जाने वाले आपातकालीन मोबाइल नंबर के बारे विस्तार से बताया गया। इस दौरान अग्नीशमाल पदाधिकारी राम अखिलेश सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम आ रही जिसके कारण आग लगने की प्रबल संभावना बढ़ गयी है मढ़ौरा के दलित बस्तियों में विभाग के द्वारा खासकर मजदुर किस्म के लोगों को अग्नी से बचाव हेतू जागरुक किया गया इस दौरान पूर्व बीडीसी सुनिल मांझी ,सुग्रीव मांझी सहित अन्य मौजूद रहे।

# बिहार दिवस पर बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी, किया आम लोगो को जागरूक




**दैनिक खोज खबर/जलालपुर।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगोलापुर मठिया के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के पोषक क्षेत्र में बिहार दिवस को ले शनिवार की सुबह प्रभात फेरी निकाली और लोगों को बिहार दिवस के बारे में जागरूक किया।हाथों में श्लोगनो की तख्तियां जिस पर ''जय बिहार,जय जय बिहार'', बिहार का अतीत महान है यही भारत की पहचान है, हम सबने ठाना है उन्नत बिहार बनाना है के नारे लगा रहे थे।प्रभात फेरी का नेतृत्व प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर पांडेय कर रहे थे।बाद में बच्चों के बीच आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार का इतिहास गौरवशाली है। बिहार वीरों और विभूतियों की भूमि है।ज्ञान तपस्या और विकास की धरती रही है। हम सभी को मिलकर इसे उन्नत बिहार विकसित बिहार बनाना है। विद्यालय में कबड्डी प्रतियोगिता,क्विज प्रतियोगिता तथा पेंटिंग और लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा तीन की प्रिया कुमारी,निशा कुमारी पांचवी के रूपा कुमारी और बालवीर को पुरस्कृत किया गया।वही लेख प्रतियोगिता में आदित्य तिवारी को पुरस्कृत किया गया। क्विज प्रतियोगिता में सातवीं कक्षा के आनंद कुमार तथा ज्योति कुमारी को पुरस्कृत किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में विजयी सातवीं कक्षा के छात्रो को पुरस्कृत किया गया। वहीं कार्यक्रम के प्रारम्भ मे बच्चो के बीच मार्शल आर्ट विशेषज्ञ प्रकाश तिवारी ने बच्चो को सेल्फ डिफेंस के लिए कराटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वे प्रत्येक शनिवार को बैगलेश डे के दिन बच्चो को चेतना सत्र मे कराटे सिखाऐंगे।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अविनाश तिवारी ने किया।मौके पर शिक्षक विजय कुमार साह,धीरज तिवारी सुधा देवी सहित क ई ग्रामीण उपस्थित थे।वही प्रखंड के शंकर दयाल सिंह बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संवरी जलालपुर मे प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व मे छात्राओं के बीच साईकिल प्रतियोगिता व अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की ग ई। उत्कृष्ट करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।



# मिर्जापुर में निःशुल्क फिजियोथेरेपी चिकित्सा शिविर आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** प्रखंड के मिर्जापुर में पुर्व मुखिया हर्षवर्धन दीक्षित के आवासीय परिसर शनिवार को निःशुल्क फिजियोथेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जहां चिकित्सक डॉ. निशांधिता राज ने शिविर में पहुंचे चालिस से अधिक लोगों का इलाज और जरूरी सलाह दिया गया। महावीर वात्सल्य अस्पताल की चिकित्सक निशान्धिता राज ने मिर्जापुर, बहुआरापट्टी, इसरौली, तेजपुरवा से आए लोगों का दर्द से संबंधित समस्या का उपचार किया। इस दौरान चिकित्सक निशांधिता राज ने कहा कि फिजियोथेरेपी चिकित्सा से हड्डी और नस से जुड़ी सभी तरह के बिमारियों का सफल व संपूर्ण इलाज संभव है। कहा कि भागदौड़ से भरी जीवन में लोगों के रूटीन में काफी बदलाव आए है। इससे लोगों को नस और हड्डी से जुड़ी समस्या से जुझना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के वृद्ध और युवा भी इस तरह की समस्या से प्रभावित जोने लगे है। लोगों के बीच इससे जुड़ी जागरुकता को बढ़ाने और उन्हे सभी उपचार की आवश्कता को लेकर मिर्जापुर में निशुल्क फिजीओथेरोपी की एक कैम्प आयोजित की गई है। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि हर्षवर्धन दीक्षित ने कहा कि फिजिओथेरेपी एक कारगर पद्धति है जिसमें कई जटिल शारीरिक समस्या का समाधान निहित है। मौके पर मढ़ौरा के जीतेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# घायल व्यक्ति को युवक ने बाइक पर गमछे से बांधकर अस्पताल पहुंचाया

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** 22 मार्च, शनिवार को छपरा शहर से बाजार समिति व नगरा को जाने वाली मुख्य मार्ग के बीच दुधिया पुल साढ़ा के निकट एक सड़क दुर्घटना में बुरी तरह से घायल होकर ई-रिक्शा से दबे हुए एक 50 वर्षीय बुजुर्ग की अस्पताल पहुंचाया। बताया गया कि सड़क के बीचोंबीच दुधिया पुल साढ़ा के निकट बनियापुर निवासी 50 वर्षीय ई रिक्शा चालक बसंत प्रसाद, पिता- दारोगा प्रसाद किसी गाड़ी से बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त होकर अपने ई-रिक्शा से दबकर बेहोशी की हालत में पड़े हुए थे, तभी उसी सड़क से अपने बाइक से शहर जा रहे सामाजिक कार्यकर्ता व छात्र नेता राहुल कुमार यादव ने देखा कि बेहोशी की हालत में ई-रिक्शा से एक व्यक्ति दबे हुए हैं और आसपास लोग भीड़ लगाए हुए थे, घायल व्यक्ति को कोई अस्पताल ले जाने को तैयार नहीं था. तभी मौके पर पहूंचे छात्र नेता राहुल कुमार यादव ने कुछ लोगों के साथ मिलकर ई रिक्शा को दबे हुए घायल व्यक्ति के ऊपर से हटाया और एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन एंबुलेंस का इंतजार करते, तब तक घायल व्यक्ति की हालत बिगड़ती जा रही थी तभी छात्र नेता राहुल कुमार यादव ने बेहोशी की हालत में पड़े व्यक्ति को उठाया और अपने बाइक के पीछे बैठाकर अस्पताल ले जाना चाह रहे थे लेकिन घायल व्यक्ति को पीछे से पकड़ने वाला कोई नहीं था, बहुत रिक्वेस्ट करने के बाद भी किसी व्यक्ति ने भी घायल व्यक्ति को पीछे से पकड़ कर अस्पताल ले जाने में मदद नहीं की, तभी छात्र नेता राहुल कुमार यादव ने घायल व्यक्ति के पास मौजूद गमछा लेकर बाइक के पीछे बैठाकर अपने पीठ पर बांध लिया और यथाशीघ्र छपरा सदर अस्पताल पहुंचाया. इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टरों ने समुचित इलाज किया, जिसके बाद बुरी तरह से घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकी. वहां मौजूद सभी डॉक्टर, नर्स, कर्मचारियों ने छात्र नेता राहुल कुमार यादव को धन्यवाद दिया और कहा कि इंसानियत आज भी जिंदा है. मौजूद डॉक्टर ने कहा कि घायल व्यक्ति को अगर समय से इन्होंने अस्पताल में भर्ती नहीं कराया होता तो घायल व्यक्ति की जान भी जा सकती थी।

## दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की चल रही तैयारी

**तरवारा (सिवान)।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के सुरवाला में मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारी जोरों पर है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह महायज्ञ 30 मार्च को कलश यात्रा के साथ आरंभ होगा तथा इसकी पूर्णाहुति पांच अप्रैल को होगी। इस यज्ञ में प्रसिद्ध कथावाचक प्रवचन करेंगे। इस मौके पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सहाया-संवारा जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरवाला समेत आसपास के ग्रामीण जुटे हुए हैं। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मेंद्र तिवारी, श्रीराम तिवारी, पवन तिवारी, सुदामा सिंह, लालबाबू तिवारी, पिंटू साह, राहुल मिश्रा,मिथिलेश ठाकुर, सुनील सिंह आदि लगे हुए हैं।

## 30 हजार नकद व सोने की चेन छीनने का आरोप

**हसनपुरा (सिवान) ।** एमएच नगर थाना क्षेत्र के हसनपुरा निवासी सुल्तान अहमद के पुत्र गुड्डू अली ने थाना में आवेदन देकर दो लोगों पर हथियार के बल पर नकद व सोने की चेन छीनने की प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि 20 मार्च की शाम अपनी नानी के घर खाजेपुर कला से अपनी बाइक से घर लौट रहा था तभी सरैयां पुल के समीप पूर्व से घात लगाए खाजेपुर कला निवासी शेख मेराज व शेख फैयाज ने बाइक रोक कनपट्टी पर पिस्टल सटा दिया 30 हजार रुपये और गले से 10 ग्राम की सोने की चेन छीन पुनः खाजेपुर गांव के तरफ भाग गए। वहीं उपरोक्त व्यक्तियों ने मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट भी की। इस मामले में थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी कर ली गई है। वही पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## दो कुर्की वारंटी गिरफ्तार

**मैरवा (सिवान)।** थाना की गश्त दल ने शुक्रवार की शाम अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर दो कुर्की के वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में डोमडीह निवासी संजय पटेल और पुखरेड़ा निवासी राबिन तिवारी शामिल हैं। दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए शनिवार को न्यायालय भेज दिया गया।

## मारपीट की घटना में महिला घायल

**सिसवन (सिवान) ।** थाना क्षेत्र के पड़री गांव में शनिवार को आपसी विवाद को ले दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें संतोष साह की पत्नी प्रिया देवी घायल हो गई। घायल महिला का इलाज रेफरल अस्पताल में कराया गया।

## मकान का ताला तोड़ लाखों की संपत्ति की चोरी

**हसनपुरा(सिवान) ।** एमएच नगर थाना के अरंडा वार्ड संख्या छह निवासी मोहम्मद असलम के बंद मकान का ताला तोड़ अज्ञात चोरों ने लाखों की संपत्ति की चोरी कर ली। आसपास के ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह दुकान का ताला टूटा देख घटना की सूचना गृहस्वामी की पत्नी रौशन तारा को दी। फिलहाल रौशन तारा अपने मायके आंदर में रह रही हैं। सूचना मिलते ही वह अपने ससुराल पहुंच चोरी गई सामानों का जायजा लिया। उसने बताया कि चोरों द्वारा बक्सा, अलमीरा तोड़ सामान की चोरी कर ली गई है। इसके अलावा एक एलसीडी टीवी, करीब पांच किलो तांबे का बर्तन, दो गैस सिलिंडर, दो जोड़ी चांदी की पायल व एक सोने की अंगूठी आदि एक लाख से अधिक की संपत्ति चोरी कर ली गई है। उसने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जांच की। इस मामले में पीड़िता ने थाना में अज्ञात के विरुद्ध आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## 13 महिलाओं हुआ बंध्याकरण

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़ा के तहत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. दीपक कुमार की देखरेख में 13 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि रकौली, पतार, छजवा, बलिया, सहसरांव, पचोखर, धमखोर, मसुदहा, दाहाबारी समेत अन्य गांव की महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। बंध्याकरण डा. दिलीप कुमार एवं डा. रामकुमार लाल द्वारा किया गया। आपरेशन के बाद महिलाओं को दवा व आवश्यक परामर्श दिए गए। स्वास्थ्य प्रबंधक मधुरेंद्र कुमार ने बताया कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए गर्भ निरोध के अस्थायी साधन कापर टी, कंडोम आदि उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दो बच्चों के बाद पुरुष नसबंदी अथवा महिला बंध्याकरण द्वारा स्थायी समाधान पाया जा सकता है। इस मौके पर जीएनएम प्रीतम कुमार, संतोष कुमार, सतीश कुमार, आदित्य कुमार, विकास कुमार, संजय कुमार, शशांक समेत दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक में दिए गए कई निर्देश

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार की शाम प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. दीपक कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक हुई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में आनेवाले मरीजों को किसी प्रकार का कोई परेशानी नहीं हो उसका विशेष ध्यान रखने, बेहतर सुविधा देने, अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहने समेत कई निर्देश दिए गए। इस मौके पर स्वास्थ्य सह उत्प्रेरक मधुरेंद्र कुमार, संतोष कुमार, सतीश कुमार, सुधीर कुमार, आदित्य कुमार, प्रीतम कुमार, कुसुम कुमारी, ऋषभ राज, हरेंद्र चौधरी, हृदय नारायण सिंह समेत काफी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## बिहार दिवस पर विविध प्रतियोगिता का आयोजन

**बसंतपुर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को बिहार दिवस पर विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद एवं विद्यालय के प्राचार्य डा. विजय शंकर पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के आरंभ में बैंड बाजे के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। इसमें विभिन्न विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर 100 मीटर, 200 मीटर, पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रोजेक्ट यमुना उच्च माध्यमिक विद्यालय, आदर्श मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला पार्षद रेणु यादव, पूर्व प्राचार्या उर्मिला सिंह, प्राचार्य मनीष मिश्र, प्रधानाध्यापक हृद्या नंद सिंह, सत्यदेव सिंह समेत काफी संख्या में शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मंच संचालन शिक्षक पंडित कृष्णकांत किए

## क्रिकेट खेलने के बहाने बुलाकर युवकों के साथ मारपीट, 11 नामजद

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के हथौड़ा सिरकटही टोला में 19 मार्च को क्रिकेट खेलने के बहाने बुलाकर दो युवकों के साथ मारपीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित युवक की मां आयशा खातून ने थाना में आवेदन देकर 11 लोगों को आरोपित की है। आयशा खातून ने आरोप लगाया है कि मेरे गांव के राजन साह एवं अन्य 11 लोग मेरे पुत्र तैयब, नजीरुद्दीन एवं भतीजा हसन को क्रिकेट खेलने के बहाने बुलाकर धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिए तथा मौके से फरार हो गए। सूचना पर मैं घटनास्थल पर पहुंचकर घायल दोनों पुत्रों एवं भतीजा को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से चिकित्सक द्वारा बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## सीवान – बिहार संपर्क सहित तीन ट्रेनों का रहा मार्ग परिवर्तन

**परवेज अख्तर/सीवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु वाराणसी मंडल के नूनखार-देवरिया खंड पर इंजीनियरिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में ब्लाक दिये जाने के कारण शनिवार को बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट सहित तीन गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया था। इस कारण सिवान से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं ट्रेन घंटों लेट भी हो गई। इस मामले में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि दरभंगा से शनिवार को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सिवान-थावे-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलाई गई। वहीं बरौनी से शनिवार को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सिवान-थावे-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलाई गई। बताया कि दरभंगा से शनिवार को चलने वाली 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सिवान-थावे-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलाई गई। बता दें कि 02563 बरौनी-नई दिल्ली ट्रेन घंटे 42 मिनट, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली दो घंटे की देरी से सिवान जंक्शन पहुंची।

## मां गढ़ देवी राजकीय मेले की तैयारी को एसडीओ ने की बैठक

**महाराजगंज (सिवान) –** प्रखंड के बलिया गांव में लगने वाले दो दिवसीय मां गढ़ देवी राजकीय मेला की प्रशासनिक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। इसको लेकर मंदिर परिसर में शनिवार को एसडीओ अनिल कुमार ने मेला समिति सदस्यों व प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक कर इसकी तैयारी पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि कला संस्कृति एवं युवा विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय मां गढ़ देवी राजकीय मेले की रंगारंग शुरुआत पांच अप्रैल को उद्घाटन के साथ होगा। उन्होंने बताया कि मेले के आयोजन को ले प्रशासनिक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। मेले में पर्यटकों के लिए सभी बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही लोगों को स्वास्थ्य के मद्देनजर मेडिकल टीम का गठन किया गया है। साथ ही अग्निशमन विभाग को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। मेले को शांतिपूर्ण संचालन को ले पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को तैनात किया जाएगा। इसमें काफी संख्या महिला व पुरुष पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। पूरा मेला क्षेत्र सीसी कैमरा की निगरानी में रहेगा। ड्रोन कैमरे से मेले पर नजर रखी जाएगी। मेले में पर्यटकों की सुविधा के लिए चलंत शौचालय व लाइटिंग की पूरी व्यवस्था की जाएगी। मेले में पेयजल व साफ-सफाई का कार्य नगर पंचायत को दिया गया है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख बच्ची देवी, मुखिया आरती कुमारी, मां गढ़ देवी मेला समिति के अध्यक्ष पूर्व शिक्षक सुरेंद्र पांडेय, सचिव श्यामलाल प्रसाद, बीडीओ बिंदु कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार, ईओ हरिश्चंद्र, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. विपिन बिहारी सिन्हा, मुन्ना कुमार, पंचायत सचिव नागेंद्र राम, किसान सलाहकार नंदकिशोर सिंह, कार्यपालक सहायक अजय कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक विनय कुमार पांडेय व विकास पांडेय सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# विकसित बिहार के सपने को साकार करने में सबकी भागीदारी जरूरी : जमा खान



**परवेज अख्तर/सीवान।** पटना से सिवान जाने के दौरान अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री जमा खान का तरवारा मुख्य बाजार में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जदयू नेता नजमुल होदा,अब्दुल करीम रिजवी,निकेश चंद्र तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही गगनभेदी नारे भी लगाए। मंत्री ने प्रदेश सहित जिलेवासियों को बिहार दिवस की शुभकामना दी। कहा कि बिहार को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हमसभी को समर्पण के साथ संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि बिहार का इतिहास गौरवशाली है और हम वर्तमान में अपने निश्चय से बिहार का गौरवशाली भविष्य तैयार कर रहे हैं।विकसित बिहार के सपने को साकार करने में भागीदारी के लिए सभी का आह्वान करता हूं। हम सब मिलकर बिहार के गौरव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगे।

## बिहार दिवस पर बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

**सिवान –** जिले के विभिन्न प्रखंडों में शनिवार को बिहार दिवस की धूम रही। इस दौरान विभिन्न विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई तथा सामाजिक सरोकार से जुड़े नारे लगाए गए। प्रभातफेरी में विद्यालय के शिक्षकों ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। जानकारी के अनुसार दारौंदा प्रखंड के सभी प्राथमिक, मध्य, उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों द्वारा अपने-अपने पोषक क्षेत्र में प्रभातफेरी निकाली गई। रैली के दौरान लोगों को नशामुक्ति, स्वच्छता अभियान, बाल विवाह, दहेज उन्मूलन आदि के नारे लगाए गए। इस दौरान विद्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यालय परिसर समेत आसपास स्थलों की साफ-सफाई की गई। उत्क्रमित मध्य विद्यालय फतेहपुर में रवींद्र कुमार, उच्च माध्यमिक विद्यालय कोड़ारी कला में मिथिलेश कुमार, उच्च माध्यमिक विद्यालय पकवलिया में मिथिलेश तिवारी, उच्च माध्यमिक विद्यालय रसूलपुर नंदा टोला में कमलेश्वर प्रसाद सिंह, नया प्राथमिक विद्यालय बसवरिया टोला में भागमुनी कुमारी, उच्च माध्यमिक विद्यालय कौथुआ सारंगपुर में रितु सिन्हा, मध्य विद्यालय रुकुंदीपुर में मनोज कुमार सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेला गोविंदापुर में कविता देवी आदि के नेतृत्व में प्रभातफेरी निकाली गई। इस दौरान सभी विद्यालयों में बिहार का जारी नया थीम विकसित बिहार बनाया गया तथा विद्यालय की दीवार पर अंकित किया गया। वहीं महाराजगंज के सिहौता बंगरा उच्च विद्यालय परिसर से बिहार दिवस पर बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। इसमें एसडीओ अनिल कुमार, एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, अनुमंडल निर्वाची पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह, बीडीओ बिंदु कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार, ईओ हरिश्चंद्र सहित सिहौता बंगरा उच्च विद्यालय, एसकेजेआर उच्च विद्यालय, उमाशंकर प्रसाद उच्च विद्यालय, सेंट जोसेफ हाई स्कूल, राजकीय मध्य विद्यालय महाराजगंज समेत अन्य विद्यालय के बच्चे शामिल हुए। भगवानपुर हाट प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में बिहार दिवस मनाया गया। इस मौके पर बच्चों द्वारा अपने पोषक क्षेत्रों में प्रभातफेरी निकाल सामाजिक, शैक्षणिक रूप से जनता को जागरूक किया गया तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शराब बंदी, भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा उन्मूलन पर रोक लगाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। प्रभातफेरी में उत्क्रमित उच्च विद्यालय पंडित के रामपुर, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय भगवानपुर, एसएस उच्च विद्यालय भगवानपुर, इंद्र सिंह उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज, उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय भगवानपुर सारीपट्टी के बच्चे हाथों में स्लोगन लिखे तख्तियां लेकर जोगों को जागरूक कर रहे थे। इस मौके पर शिक्षक धर्मवीर सिंह, मनोज कुमार सिंह,राकेश कुमार, संजीव कुमार, मो. अबू सालेह पुष्पा कुमारी, सावित्री कुमारी आदि शामिल थीं। इस दौरान जीबी नगर के जलालपुर निवासी छात्र अंशु कुमार ने अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प तथा परिश्रम के बल पर बिहार की समृद्ध बनाने पर बल दिया।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता का शव कमरे से बरामद

**परवेज अख्तर/सीवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के पिपरहियां में शुक्रवार को ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने संदिग्ध परिस्थिति में एक विवाहिता का शव बरामद किया। मृतका की पहचान अवधकिशोर कुमार की 30 वर्षीया पत्नी विशाका कुमारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुजीत कुमार चौधरी शुक्रवार की रात पुलिस बल के साथ पहुंच मृतका के मकान के एक कमरे से शव को बरामद किया। मृतका के फांसी पर लटकने से मौत होने की चर्चा हो रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं इसकी सूचना मिलने पर एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन व फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली। एसडीपीओ के निर्देश पर पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है। बताते हैं कि मृतका अपने वृद्ध ससुर गणेश पंडित व सास मराछो देवी के साथ घर पर रहती थी। उसे परी नाम की ढाई साल की पुत्री है। मृतका सारण के मशरख थाना के डोईला बाजार निवासी प्रदीप पंडित की पुत्री थी। उसकी शादी 28 मई 2021 को हुई थी। उसके माता-पिता भोपाल में रहते हैं। घटना की सूचना मिलने पर मृतका की दादी मुनरपति देवी, चाचा प्रेमचंद पंडित, फुआ बबीता देवी व अन्य स्वजन शुक्रवार की रात ही पहुंच गए। मृतका की दादी ने बताया कि मृतका के पिता भोपाल से घर के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं मृतका की दादी ने पोती विशाका कुमारी की दहेज के लिए हत्या करने की आशंका जता रही है। उसने कहा कि उसकी पोती के ससुराल वालों द्वारा शादी के समय से ही दहेज में कार के लिए पांच लाख रुपये की मांग की गई थी, लेकिन उसके ससुराल वालों को तीन लाख रुपये दे दिया गया था, बाकी दो लाख रुपये के लिए उसकी पोती के साथ मारपीट एवं अन्य प्रताड़ित किया जाता था। मांग पूरी नहीं होते देख शुक्रवार को उसकी हत्या कर दी गई। वहीं मृतका के वृद्ध ससुर ने बताया कि वह अपने पति के साथ गाजियाबाद में रहती थी। वह नवंबर महीने में अपने देवर बृज किशोर कुमार की शादी में आई थी। शादी के बाद परिवार के सभी सदस्य गाजियाबाद चले गए लेकिन विशाका कुमारी घर पर ही रह गई थी। शुक्रवार की शाम जब उसकी आवाज नहीं मिल रही थी तो जाकर घर में देखा गया तो पाया गया कि वह फांसी पर लटकी है।

## वारंटी गिरफ्तार

**बड़हरिया (सिवान)।** थाना की पुलिस ने शुक्रवार को हरदोबारा गांव में छापेमारी कर वारंटी कृष्णा राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने बताया कि कृष्णा राम काफी दिनों से फरार चल रहा था।

## शहर के ये बाजार जहां हैं सबसे ज्यादा खतरा

तेलहट्टा बाजार, गल्ला मंडी, शहीद सराय, थाना रोड ऐसे मुख्य बाजार हैं जहां अक्सर हजारों की तादाद में लोगों की भीड़ एकत्रित रहती है और यहां हजारों की संख्या में दुकानें हैं। यहां अगलगी की घटनाओं के बाद दमकल को आने में तो परेशानी होती है। ऐसे में यहां सबसे ज्यादा जानमाल के नुकसान का डर बना रहता है।

## जिले में लगभग 1600 करोड़ से अधिक राशि की योजनाओं का हो रहा कार्यान्वयन

**परवेज अख्तर/सीवान।** बिहार दिवस के उपलक्ष्य में उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार दिवस न केवल अपनी गरिमा एवं शानदार इतिहास को याद करने का अवसर है। बल्कि इससे प्रेरणा लेकर आगे भविष्य को और भी उज्ज्वल बनाने के उत्साह वर्धन प्राप्त करने की बात बताई गई। वहीं डीएम ने कहा कि बिहार का इतिहास गौरवशाली, वर्तमान विकास और भविष्य संभावनाओं से परिपूर्ण है। उन्होंने विविध क्षेत्रों में सिवान में हो रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला और बताया कि सभी के सहयोग से जिला नित्य विकास के पथ पर आगे बढ़ता जा रहा है। प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की घोषणाओं को अमल में लाया जा रहा है। पूरे जिले में लगभग 1600 करोड़ से अधिक राशि की योजनाओं को कार्यान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया की जिले में मेडिकल कालेज जल्द ही शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही कई तरह की योजनाओं पर तीव्र गति से कार्य चल रहा है। विभिन्न तरह के सड़कों के निर्माण के पश्चात विकास में तीव्र गति आएगी। वहीं मैरवा में सब ग्रिड की स्थापना के पश्चात बिजली की समस्या के भी समाप्त होने की जानकारी दी गई। कहा कि इन सभी योजनाओं के पश्चात सिवान जिला में विकास की गति में काफी तेजी आएगी।

# सिवान में युवक की गोली मारकर हत्या, मामले की जांच में जुटी पुलिस



**परवेज अख्तर/सीवान।** शहर के महादेवा थाना क्षेत्र के दारोगा हाता हाइवे के समीप शुक्रवार की देर शाम एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी तथा शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया। हत्या के बाद बदमाशों ने मृतक के शरीर को मिट्टी से लेप दिया है ताकि शव की पहचान नहीं हो सके।घटना की सूचना पर पहुंची महादेवा थाना की पुलिस मृत युवक के समीप से एक मोबाइल बरामद की है। बदमाशों ने युवक के सिर एवं पेट में गोली मारी थी।थानाध्यक्ष निर्भय कुमार ने बताया कि घटना के विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है। शीघ्र ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

**एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर एसआइटी टीम का किया गठन :** शहर के महादेवा थाना क्षेत्र के दारोगा हाता हाइवे के समीप 21 मार्च की देर शाम एक बैग व्यवसायी की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंक दिया था। हत्या के बाद बदमाशों ने मृत व्यवसायी के शरीर को मिट्टी से लेप दिया था ताकि शव की पहचान नहीं हो सके। घटना की सूचना पर पहुंची महादेवा थाना की पुलिस मृत युवक के समीप से एक मोबाइल बरामद की थी। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक की पहचान गोपालगंज जिले के थावे थाना क्षेत्र के खानपुर अजमत गांव निवासी संजय साह के रूप में की। बदमाशों ने युवक के सिर के पीछे एवं सीने में गोली मारी थी। एसपी अमितेश कुमार ने शनिवार की सुबह घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घटना स्थल पर जांच कर संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया। वहीं एसपी ने एसआइटी टीम का गठन किया है। जो मामले की जांच कर बदमाशों की गिरफ्तारी में जुटी हुई है। हालांकि शनिवार की देर शाम तक घटना का उद्भेदन नहीं हो सका था।पुलिस से मिली जानकारी केअनुसार 22 मई 2023 को मृतक संजय साह की पत्नी अनुश्री चंचला की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। उसमें अनुश्री चंचला के पिता गोपालगंज जिले के माझागढ़ थाना क्षेत्र छवहीखरा गांव निवासी पोतन साह का पुत्र राजेंद्र साह ने संजय साह, उमाकांता, सुगांती देवी, शैलेंद्र कुमार, श्रीकांत साह, शैलेश देवी, पीयूष कुमार व विशाल कुमार को आरोपित किया था। इसमें पुलिस ने संजय साह को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दी थी। संजय कुछ माह पूर्व ही जेल से बाहर आया था।महादेवा थानाध्यक्ष निर्भय कुमार ने बताया कि दो दिन के अंदर संजय साह की हत्या का उद्भेदन हो जाएगा, क्योंकि पुलिस मामले की करीब पहुंच चुकी है और बदमाशों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जिसके लिए टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

## श्रद्धेय अटल ने मां भारती के लिए अपना सर्वस्व जीवन अर्पित कर दिया

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** शहर के चांप स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जनशताब्दी महोत्सव के अवसर पर अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं अटल बिहारी वाजपेयी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन एवं वदें मातरम् गीत गा कर स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय द्वारा उद्घाटन किया गया। इसकी अध्यक्षता पश्चिमी के अध्यक्ष राहुल तिवारी ने की। राहुल तिवारी ने आए सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर मंगल पांडेय ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल ने मां भारती के लिए अपना सर्वस्व जीवन अर्पित कर दिया। देव दुर्लभ कार्यकर्ता सदैव अटल के हृदय में वास करते थे। अटल कार्यकर्ताओं एवं देश के लिए सदैव चिंतित रहते थे। कार्यकर्ताओं के एक पुकार पर सदैव वहां उपस्थित हो जाया करते थे। अटल की इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए सिवान के देव दुर्लभ कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का शुभ अवसर मुझे प्राप्त हुआ। इसके लिए मैं हृदय से पार्टी का आभार प्रकट करता हूं। अटल का संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित था। उनका एक ही ध्येय था। राष्ट्र प्रथम उनकी दूरदर्शी योजना राष्ट्रीय राजमार्ग पूरे देश को एक साथ जोड़ती है। आज के पीढ़ी के कार्यकर्ताओं को आप सभी से प्रेरणा लेते हुए भारतीय जनता पार्टी को और उच्च शिखर पर ले जाने का कार्य करेंगे। मौके पर किरण गुप्ता, लालबाबू कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, नंद प्रसाद चौहान, गोरियाकोठी विधायक देवेश कांत सिंह, दारौंदा विधायक करणजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, कापरेटिव बैंक अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, मंच संचालन कुंदन सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन सिवान पूर्वी के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद ने किया। जिला से लगभग पांच सौ वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मानित हुए। मुख्य रूप से रंग बहादुर सिंह, रामदयाल तिवारी, शंभू गुप्ता, लल्लन मिश्र, परमेश्वर साहू, योगमाया पांडेय, आदि उपस्थित थे।

## पचरुखीः ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार अधेड़ की मौत, दूसरा घायल

**पचरुखी (सिवान) –** पचरुखी थाना क्षेत्र के पड़ौली- बरियारपुर के बीच शनिवार की दोपहर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक अधेड़ व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि दूसरा बाइक सवार घायल हो गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के सादिकपुर निवासी मोहन यादव के 51 वर्षीय पुत्र रामाशंकर यादव के रूप में हुई जबकि घायल फलपुरा निवासी श्याम सिंह बताया जाता है। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर भागने में सफल रहा। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि सादिकपुर निवासी रामाशंकर यादव तथा फलपुरा निवासी श्याम सिंह एक ही बाइक पर सवार होकर पचरुखी की ओर जा रहे थे। इसी बीच तेज गति से आ रहे ट्रक ने अनियंत्रित होकर बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। इस दौरान बाइक चालक रमाशंकर यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार श्याम सिंह घायल हो गए। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा। वहीं घटना की जानकारी होते ही काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा ट्रक व बाइक को जब्त कर लिया तथा घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। सादिकपुर पंचायत के मुखिया उपेंद्र सिंह ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए मृतक के स्वजन को ढाढ़स बंधाया तथा सरकार से उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं इस घटना के बाद मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे।

## महागठबंधन ने किया पुतला दहन

सिवान। महागठबंधन के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री पर राष्ट्र गान के अपमान का आरोप लगा शनिवार को जेपी चौक पर पुतला दहन किया गया। जेपी चौक पर हुए पुतला दहन कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष विपिन कुशवाहा, जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष डा. विधु शेखर पांडेय, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि डा. ख्वाजा एहतेशाम अहमद, वीआइपी पार्टी के जिलाध्यक्ष श्रीनिवास यादव के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान सभी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने संवैधानिक पद पर रहते हुए राष्ट्रगान का अपमान किया है। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि डा. के एहतेशाम अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। विपिन कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री का दिमागी संतुलन बिहार राज्य के भविष्य के लिए चिंता की बात है और उन पर देशद्रोह का मुकदमा तुरंत चलाया जाना चाहिए। मौके पर गोपाल प्रसाद, नवीन प्रसाद, सलमान सिद्दीकी, इमाम सफर, विक्की, हाफिज जुबैर आसिम, यामानी, रौशन सिद्दीकी, प्यारे लाल कुशवाहा, उपेंद्र यादव, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बाइक से गिरकर महिला सहित दो घायल

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के आंदर ढाला ओबर ब्रिज पर शनिवार की दोपहर बाइक से गिरकर एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान आंदर बाजार निवासी मंजू देवी व राजकुमार साह के रूप में हुई। घायल के स्वजनों ने बताया कि दोनों घायल मां-पुत्र है। ये अपने पिता के साथ बाइक पर शहर एक डाक्टर से इलाज करने के लिए जा रहे थे। तभी आंदर ढाला ओबर ब्रिज पर गिर गए। इससे वह दोनों घायल हो गए।

## 7.200 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** गोरेयाकोठी थाना की गश्त दल ने लद्धी बाजार में शुक्रवार की रात छापेमारी कर शराब तस्कर संजय साह को 7.200 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पुलिस लगातार शराब को लेकर अभियान चला रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को अवर निरीक्षक गीतांजलि कुमारी पुलिस बल के साथ संध्या गश्त में थीं। शाम में जब वह शादीपुर गांव में पहुंची तभी सूचना मिली कि लद्धी बाजार का संजय साह अपने घर में शराब लाकर रखने और बेचने की कोशिश में जुटा है। जानकारी से वरीय अधिकारी को अवगत कराते हुए पुलिस लद्धी बाजार पहुंची। पुलिस को देख एक व्यक्ति भागने की कोशिश किया, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान संजय साह के रूप में हुई। जब उसके घर की तलाशी ली गई तो एक कमरे में ईंट से छुपाकर रखे गए कुल 7.200 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। शराब तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी कर शनिवार को अगली कार्रवाई के लिए उसे न्यायालय भेजा दिया गया। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने थाना क्षेत्र के शेखपुरा-भिट्ठी चंवर में करीब तीन हजार लीटर देसी अर्धनिर्मित शराब को विनष्ट किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि छापेमारी के दौरान वहां दर्जनों तीन के बड़े डब्बे में अर्धनिर्मित महुआ पास झाड़ी से छुपाकर रखा गया था। पुलिस ने वहां पहुंच उसे विनष्ट कर दिया व मामले की छानबीन में जुट गई है।